अनुक्रमांक ............................ कूट सं. : 820161.2-$SA_1$(M)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 23 प्रश्न हैं और कुल 4 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कक्षा - आठवीं

# हिंदी ( LOWER )

(संकलनात्मक मूल्यांकन - I)

निर्धारित समय : 3 घंटे अधिकतम अंक : 90

**सामान्य निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र के दो खंड हैं - 'क' और 'ख'
3. प्रश्न के सभी भागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रमसंख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में है।

## खण्ड - 'क'

1. (क) निम्नलिखित शब्दों में से सही स्थान पर लगे बिंदु वाला शब्द छाँट कर लिखिए - 1

(i) प्रंशसा (ii) प्रंशसा (iii) प्रशंसा (iv) प्रशसां

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से सही स्थान पर लगे चंद्रबिंदु वाला शब्द छाँट कर लिखिए - 1

(i) लड़एँगे (ii) लँड़ाएगे (iii) लड़ाँएगे (iv) लड़ाएगँ

2. (क) निम्नलिखित शब्दों में से जातिवाचक संज्ञा शब्द छाँट कर लिखिए - 1

(i) भारत (ii) छात्र (iii) नीम (iv) हिमालय

(ख) निम्नलिखित वाक्य के लिए उपयुक्त सर्वनाम शब्द छाँट कर लिखिए - 1

................. एक फूल बच्चे को दुँगी।

(i) मुझे (ii) उसे (iii) तुम (iv) मैं

(ग) निम्नलिखित वाक्य में कर्ता कारक बताने वाला उचित विकल्प छाँट कर लिखिए - 1

पंछी घर लौटकर बच्चों को दाना देंगे।

(i) बच्चों (ii) दाना (iii) पंछी (iv) घर

3. निम्नलिखित वाक्य में से विशेषण व विशेष्य शब्द छाँट कर लिखिए - 1

उसने गीला तौलिया कुर्सी पर रख दिया।

4. (क) निम्नलिखित वाक्य को उचित क्रिया शब्द द्वारा पूरा कीजिए - 1

मेरे पिता कल मुंबई से ................।

(ख) निम्नलिखित वाक्य में प्रयुक्त काल लिखिए - 1

मेरी नानी ने परी-कथा सुनाई।

(ग) 'जब काम हो रहा हो' कौन-सा काल होता है? 1

5. (क) 'जल' का पर्यायवाची शब्द है - 1

(i) नीर (ii) नदी (iii) झरना (iv) सागर

(ख) 'भूधर' शब्द किसका पर्यायवाची है? 1

(i) समुद्र (ii) आकाश (iii) धरती (iv) पर्वत

6. दिए गए वाक्य में मोटे काले शब्द के विलोम शब्द का सही विकल्प छाँटकर लिखिए –
रतन ने अपने प्रेम भाव से ................ को भी **दोस्त** बना लिया।
(i) मित्र (ii) दुश्मन (iii) साथी (iv) शत्रु

7. (क) निम्नलिखित वाक्यों में रिक्त स्थान को उचित शब्द द्वारा पूरा कीजिए –
(i) बैलगाड़ी का पहिया ................ हो गया। (टेढ़ा / टेड़ा)
(ii) उसका ................ भाई डॉक्टर बन गया। (बढ़ा / बड़ा)
(ख) 'दय' **अथवा** 'द्ध' संयुक्त अक्षर का एक शब्द लिखिए।

8. निम्नलिखित शब्दों में 'र' के उचित रूप का प्रयोग उचित स्थान पर कीजिए –
(i) सिफ़ (ii) पमाण

9. (क) निम्नलिखित मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए –
(i) आग-बबूला होना (ii) होश उड़ जाना
(ख) निम्नलिखित मुहावरे को उचित मुहावरे द्वारा पूरा कीजिए –
भारतीय सेना ने शत्रु के ................ दिए।

10. निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम चिह्न लगाइए –
(i) वाह हम जीत गए (ii) माँ ने पूछा, तुम्हें देर कैसे हो गई 1+

11. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए –
(i) सप्ताह में एक बार होने वाला (ii) जिसका मूल्य बहुत अधिक हो

12. निम्नलिखित वाक्यों में दिए गए शब्दों के उचित वचन वाले रूप लिखिए –
(i) ................ से हमें प्राण-वायु ऑक्सीजन मिलती है। (पेड़)
(ii) प्रदर्शनी में उसके ................ को देखकर सब हैरान रह गए। (चित्र)

13. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए –

सारे जगत में मानव ही ऐसा प्राणी है, जिसे वाणी का वरदान मिला है। वह बोलकर अपने विचारों का अदान-प्रदान कर लेता है। वाणी जहाँ एक ओर वरदान है, वहीं शाप भी है। मीठा बोलकर हम किसी का दिल जीत सकते हैं। कड़वी बात तीर की तरह चोट पहुँचाती है। हमें वाणी को अपने वश में रखना चाहिए। मधुर वचन, सुनने वाले और बोलने वाले दोनों को परम सुख और शांति पहुँचाते हैं। प्यार से बोलने वाले व्यक्ति की समाज में अलग ही पहचान होती है। ऐसे लोग सबके प्रिय बन जाते हैं। व्यक्ति स्वयं भी प्रसन्नचित्त रहता है। जब वह स्वयं किसी को पीड़ा नहीं पहुँचाता, तो उसे भी कटु वचन सुनने को नहीं मिलते।

(i) मनुष्य को कौन-सा वरदान मिला है? 1
(ii) किसी का दिल कैसे जीता जा सकता है? 1
(iii) वाणी को वश में क्यों रखना चाहिए? 1
(iv) कैसे लोग सबके प्रिय बन जाते हैं? 1
(v) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए। 1

14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए – 5
(i) मेरा भारत महान (ii) मेरी प्रेरणा स्रोत (iii) जीवन में पुस्तकों का महत्व

15. अपने नए विद्यालय के अनुभव के बारे में बताते हुए अपने दादाजी को पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अस्वस्थ होने के कारण आप विद्यालय नहीं जा पाएँगे। दो दिन के अवकाश हेतु प्रधानाचार्य जी को प्रार्थना-पत्र लिखिए।

## खण्ड - 'ख'

16. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़ कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए -

चलती किसी जगह सीधी
टेढ़ी होती कहीं-कहीं
लहर उठाती जाती है
लेकिन थकती कहीं नहीं।

कहीं करारों में छिपती
मैदानों में आती है
खेल खेलती लुका-छिपी
बिल्कुल ही खो जाती है।

बहुत तेज थी पर्वत पर
लेकिन नीचे जब आई
धीमी-धीमी चाल हुई
जैसे थक कर सुस्ताई

पानी बिखराती जाती
हरियाली फैलाती है
चाहे जितना पानी लो
मन में बुरा न लाती है।

(i) कविता तथा कवि का नाम लिखिए। 1+1=2
(ii) राह में नदी की चाल कैसी हो जाती है? 1
(iii) ऐसा क्यों कहा गया है कि नदी थककर सुस्ताने लगी? 1
(iv) 'चाहे जितना पानी लो, मन में बुरा न लाती है' पंक्ति से नदी की किस विशेषता का पता चलता है? 1

17. पठित पाठों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए - 2
1. पड़ोसी सुलतान के दूत ने अपनी जेब से ................ का एक टुकड़ा निकाला।
2. अजंता में बने चित्रों के रंग ................ से बने हैं।

18. निम्नलिखित शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए - 3
1. अनुमति 2. चित्र 3. क्रोधित

19. नीचे दिए गए खंड 'क' के वाक्यों का खंड 'ख' के वाक्यों से उचित मिलान कीजिए- 5

| क | ख |
|---|---|
| (i) धरती पटक सिंह के दिल में | (i) कलाकारों की मिली-जुली प्रतिभा के उत्कृष्ट नमुने हैं। |
| (ii) वह जानवर खो जाने पर | (ii) सपने जगते मन के। |
| (iii) कोई भी बाधा मुझे | (iii) मुखजोर सिंह को पटकने का बहुत बड़ा अरमान था। |
| (iv) थम-थम दिन के तम में | (iv) लोगों को दिशा और स्थान तक बता देते। |
| (v) अजंता के चित्र अनेक | (v) आगे बढ़ने से नहीं रोक सकती। |

20. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक शब्द में लिखिए -

(i) 'पेड़' कविता के आधार पर बताइए कि बच्चे कहाँ खेलेंगे?

(ii) घेरे की पहेली सुलझाने के लिए किसे बुलाया गया?

(iii) गांधी जी ने वल्लभ भाई को कौन-सी उपाधि दी?

(iv) अजंता की गुफाएँ कैसी जगह पर बनी हुई हैं?

(v) बूँदें कहाँ से छनकर गिरती हैं? 'मनभावन सावन' कविता के आधार पर बताइए।

21. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए - 2×5=1

(i) वर्षा आने पर कौन-से पशु-पक्षी अधिक प्रसन्न दिखाई देते हैं?

(ii) मुखजोर सिंह अपने घर से क्यों भाग गया?

(iii) वल्लभ भाई के पिता ने उन्हें आगे पढ़ने की अनुमति क्यों दी?

(iv) कुम्हार ने तिनकों-पत्तों की आवाज सुनकर शेर को डंडे क्यों मारे?

(v) पंछी रात को लौटकर कौन-से किस्से सुनाएँगे?

22. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 4+4+4=1

(i) स्वतंत्र भारत में सरदार पटेल का सबसे बड़ा योगदान क्या था?

(ii) नदी मनुष्य के लिए क्या-क्या करती है?

(iii) अजंता की गुफाएँ किसने और क्यों बनवाई?

(iv) यदि साल भर वर्षा न हो तो जीवन पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

23. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँट कर लिखिए -

(क) अजंता की गुफाएँ कहाँ स्थित हैं?

(i) मुंबई (ii) महाराष्ट्र (iii) मध्यप्रदेश (iv) उत्तर प्रदेश

(ख) सुलतान के चारों ओर के घेरे का क्या अर्थ था?

(i) सुलतान को मार डालना। (ii) युद्ध में हरा देना।
(iii) सुलतान को बंदी बनाना। (iv) शत्रु द्वारा चारों ओर से घेरना।

(ग) धरती पटक सिंह कौन-सा पेड़ उखाड़ कर भाग गया?

(i) खजूर (ii) नीम (iii) पीपल (iv) बरगद

(घ) शेर डर के कारण कहाँ छिप गया?

(i) खाई में। (ii) तलैया में।
(iii) टूटी व उजाड़ झोंपड़ी में। (iv) खड्ड में।

(ङ) वल्लभ भाई कहाँ जाना चाहते थे?

(i) जापान (ii) इंग्लैंड (iii) अफ्रीका (iv) अमेरिका

(च) 'मनभावन सावन' कविता के कवि का मन सबके साथ किसके झूले में झूलना चाहता है?

(i) पेड़ (ii) मेघ (iii) पानी (iv) इंद्रधनुष

(छ) बादशाह होजा को क्या बनाना चाहते थे?

(i) वज़ीर (ii) दरबारी (iii) दूत (iv) मंत्री

(ज) 'पेड़' कविता में बीज कहाँ से झाँकेंगे?

(i) आकाश से। (ii) खिड़कियों से।
(iii) धरती के रोशनदानों से। (iv) पत्तों से।